## आर्यिका विकुंदन ससंघ का हुआ पिच्छी परिवर्तन



**बड़वानी।** दिगम्बर जैन मंदिर में विराजित श्रमणि विदुषी आर्यिका मां विकुंदन माता ने रविवार को हुई धर्मसभा में बोलते हुए कहा कि आपने अपना धर्म रूपी घड़ा इस चतुर्मास में भर लिया है। आप अब आपस में जब भी मिलो तो उस घड़े से जुगाली करना धर्म चर्चा करना, याद रखना घड़े में रखे-रखे पानी में काई जम जाती है और नहीं तो पानी बदलना पड़ता है। आपको भी चातुर्मास में जो छोटी-छोटी बातें सिखाई हैं। उस पर अमल करना और एक-दूसरे को बताना, सबसे पहले श्रावक कैसा होता है। इस अवसर पर मंगलाचरण सपना जैन ने किया। समाजजनों ने माता से क्षमा याचना की। दोपहर को माता द्वारा पिच्छी परिवर्तन कर नई पीछी श्रावकों से ग्रहण की और पुरानी पिच्छी उन श्रावकों को प्रदान की। जिन्होंने विभिन्न नियम लिए। वर्ष में एक बार जैन संत पीछी बदलते हैं, जो संयम का उपकरण होता है। माता ने चातुर्मास में विभिन्न शास्त्रों और क्लासों से जिन सरस्वती स्तोत्र, बारह अनुप्रेक्षा, मेरी भावना, वर्ष भावना, तत्वार्थ सूत्र, मंगलाष्टक, महाविराष्टक, मरणकंडिका, अभिषेक विधि, दर्शन करने जाने में किस तरह की सावधानियां और विनय रखना चाहिए। आदि संस्कारों से संबंधित बाते बताई, जिससे श्रावक अपनी दिन चर्या को उत्कृष्ट बनाकर अपना उपयोग शुभ में लगने के प्रेरणा दी।

## ग्राम-ग्राम पहुंच रहा है गायत्री परिवार



**बड़वानी।** जिले के ग्राम मोरगुन में सामूहिक गायत्री साधना का 10वां आयोजन हुआ। आदिवासी अंचल के भाई-बहनों ने 12 घंटे गायत्री अनुष्ठान अभियान में 45 लाख गायत्री मंत्र का जप किया। ग्राम चाटली से मोरगुन तक भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें पारंपरिक वेश भूषा में सिर पर कलश धारण किए महिलाएं गायत्री माता की जय नारे लगाते चल रही थी। साली टांडा शक्ति पीठ व्यवस्थापक नरेंद्र डावर ने सपत्नीक कलश पुजन कर यात्रा की आगवानी की। कलश का पुजन वैदिक मंत्रोचार से प्रकाश नरगावे ने कराया। जिला सहायक समन्वयक विक्रम जमरे ने बताया कि मोरगुन आदिवासी बस्ती गायत्री परिवार के मात्र 3 घर ने आज ग्राम को गायत्री मंत्र की गूंज और व्यसन मुक्ति के संकल्पों से आत्म परिष्कर की कसौटी पर खड़ा कर दिया है। ट्रायबल बेल्ट में संत निषादराज डेमनीया बाबा का प्यार और सहजता आज गुरुदेव के विचारों को जन-जन के मन-मन में स्थापित करती हुई दिखाई दे रही है। जनवरी से प्रारंभ प्रतिमाह गायत्री मंत्र साधना अभियान का 26 अक्टूबर को 10वां चरण पूर्ण कर 4 करोड़ 85 लाख के लगभग गायत्री मंत्र जप अनुष्ठान हो गया है।

# सरपंच व कई ग्रामीण भाजपा में

### ग्राम पंचायत पन्नाली के सरपंच सहित पन्नाली, राजपुरा, खामघाट के ग्रामीणों ने थामा भाजपा का दामन

**पानसेमल, ( नवभारत )।** विधानसभा क्षेत्र के कई ग्रामीण और जनप्रतिनिधि कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हो चुके हैं। जिसके बाद अब ग्राम पंचायत पन्नाली के सरपंच राधेश्याम मोरे सहित पन्नाली-राजपुरा, खामघाट ग्राम के ग्रामीणों ने भाजपा का दामन थामा है। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता कांतिलाल मोरे, दिनेश तरोले तथा पिपरानी के सत्तरसिंह मेहता के नेतृत्व में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाजपा की रीति-नीति एवं विकासोन्मुखी दृष्टिकोण से प्रभावित होकर भाजपा परिवार का हिस्सा बने।



कार्यक्रम में जनसमूह को संबोधित करते हुए विधायक श्याम बरडे ने कहा कि आज से आप सभी हमारे परिवार के सदस्य हैं। आपके सुख-दुख में सदैव आपके साथ खड़ा रहुंगा। क्षेत्र के हर ग्राम में विकास कार्यों में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विश्वास, सबका विकास के मंत्र पर कार्य कर रही है। सरकार का लक्ष्य है कि हर किसान खुशहाल हो, माताओं-बहनों के जीवन में उजियारा फैले, विद्यार्थियों को उत्तम शिक्षा मिले और वरिष्ठ नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त हो। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की प्रत्येक ग्राम पंचायत को विकास की मुख्यधारा से जोड़कर शिक्षित एवं समृद्धशाली बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास जारी हैं। सदस्यता ग्रहण करते हुए सरपंच राधेश्याम मोरे ने कहा कि हम वर्षों से कांग्रेस से जुड़े थे, लेकिन हमारे क्षेत्र की किसी ने सूध नहीं ली। विधायक श्याम बरडे जी के कार्यों और उनके सहज व्यवहार ने हमें भाजपा से जुड़ने के लिए प्रेरित किया।

श्वरिष्ठ नेता कांतिलाल मोरे एवं दिनेश तरोले ने कहा कि वे क्षेत्र के विकास के लिए कंधे से कंधा मिलाकर विधायक के साथ में कार्य करेंगे। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत महाजन, मुरली साटोटे, प्रकाश जोशी, मांडवी सरपंच शामराव वसावे, डॉ दीपक भंवर, रेवसिंह बवाजा पटेल, राजपुरा उप सरपंच भारमल वसावे व गणमान्य उपस्थित थे।

**विधायक ने किया**

▸ **कार्यक्रम में जनसमूह को विधायक ने किया सम्बोधित, बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीण**

## पुलिस ने प्रभावी कांबिंग गश्त कर कसा शिकंजा

**बड़वानी।** एसपी जगदीश डावर के निर्देशन व एएसपी धीरज बब्बर के नेतृत्व में शनिवार देर रात जिले में विशेष कॉम्बिंग गश्त एवं चैकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें एएसपी, एसडीओपी, थाना प्रभारियों सहित 300 से अधिक पुलिस बल की भागीदारी रही। पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई में 37 गिरफ्तारी वारंट तथा 17 स्थाई वारंट तामील किए। वहीं 71 निगरानी बदमाशों की चैकिंग की। जिनमें से 53 निगरानी बदमाश डिजिटल बीट एप के माध्यम से चैक किए गए। इसी तरह 116 गुंडों की चैकिंग की, जिनमें 92 गुंडे डिजिटल बीट एप से चैक किए। 9 संपत्ति संबंधी अपराधियों, हाल ही में जेल से रिहा हुए 2 संपत्ति संबंधी अपराधियों की चैकिंग सहित 1 जिला बदर अपराधी की गतिविधियों की भी चैकिंग की गई। अवैध शराब के मामले में 5 प्रकरणों में कार्रवाई करते हुए 88.600 लीटर अवैध शराब जब्त की। जिसका अनुमानित मूल्य 8900 रुपए आंका गया है।



## क्लिक करते ही दो लोगों के खातों से उड़े लाखों

**बड़वानी, ( नवभारत )।** व्हाट्सएप पर आए शादी के कार्ड पर क्लिक करते ही दो लोगों के खातों से लाखों रुपए निकल गए। जिसकी जानकारी लगते ही उनके होश उड़ गए।



दरअसल रविवार सुबह 10 बजे अंजड़ निवासी सामाजिक कार्यकर्ता अलका चौहान का मोबाईल सायबर ठगों ने हैक कर लिया और रिश्तेदारों व मिलने वालों को शादी के इन्विटेशन कार्ड की पीडीएफ फाईल भेजी, जिस पर क्लिक करते ही उनके खाते से पैसे निकलने शुरू हो गए। अलका चौहान के दो रिश्तेदारों के खातों से लाखों रुपए निकल गए। अनेकों लोगों के मोबाईल हैक होने की जानकारी मिल रही है। पुलिस और साइबर सेल को शिकायत करने की बात कही जा रही है।

**एक नजर में** ▸ **ऑपरेशन मुस्कान के तहत जुलवानिया पुलिस को सफलता पुलिस ने**

## अपहृत नाबालिग बालिका 8 घंटे में बरामद

**नवभारत न्यूज़**
**बड़वानी, 27 अक्टूबर**


एसपी के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत जुलवानिया पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने बताया कि एसपी जगदीश डावर के निर्देशन तथा एएसपी धीरज बब्बर एवं एसडीओपी राजपुर आयुष कुमार अलावा के मार्गदर्शन में जुलवानिया थाना प्रभारी निरीक्षक रामकुमार पाटिल के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई। 25 अक्टूबर 2025 को फरियादी निवासी ग्राम चितावल ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी 13 वर्षीय नाबालिग पुत्री को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर अपहरण कर ले गया है। रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। अनुसंधान के दौरान पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए अपराध कायमी के महज 8 घंटे में अपहर्ता नाबालिक बालिका को सुरक्षित दस्तयाब किया गया।



इस दौरान आरोपी प्रवीण पिता मनोज मानकर उम्र 20 साल निवासी ग्राम चितावल थाना जुलवानिया को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। अपहृता को थाना लाकर उसके कथन दर्ज किए गए तथा उसका चिकित्सीय परीक्षण सीएचसी राजपुर में कराया गया। अनुसंधान के बाद प्रकरण में धारा 64, 64(एम), 64(एफ), 65(1), 87 बीएनएसए 5एल/6 पास्को एक्ट की धाराएं बढ़ाई गई। आरोपी को न्यायालय राजपुर में पेश किया गया, जहां से माननीय न्यायालय द्वारा जेल वारंट जारी कर आरोपी को केंद्रीय जेल बड़वानी दाखिल किया गया। पुलिस ने बताया कि दस्तयाब नाबालिग बालिका को उसके परिजन के सुपुर्द कर अग्रिम विवेचना की जा रही है।

**इनकी रही भूमिका**

कार्रवाई में थाना प्रभारी जुलवानिया रामकुमार पाटिल, उनि अशोक खेड़कर, प्रआर सतीश पाटीदार, म सैनिक अवंतिका चौहान की भूमिका रही।





# पीएम की मन की बात का प्रसारण बना भारत की बात : निलेश भारती

### जिले के 821 बूथों पर सुनी गई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात, विधायक, जिला अध्यक्ष हुए शामिल

**धार। विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय प्रसारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का127वें संस्करण रेडियो कार्यक्रम भाजपा जिलाध्यक्ष निलेश भारती के नेतृत्व में रविवार को जिले की धार,बदनावर और सरदारपुर विधानसभा क्षेत्र के सभी 18 मंडलों के 821 बूथो पर सुनने और देखने की व्यवस्था की गई।**

भाजपा जिलाध्यक्ष निलेश भारती ने धार विधानसभा के पीथमपुर में वार्ड क्रमांक 16 बूथ क्रमांक 257 पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के प्रेरणास्पद मन की बात कार्यक्रम को भाजपा पदाधिकारी की उपस्थिति में सुना। इस दौरान जिला मंत्री जीवन रघुवंशी भाजपा मंडल अध्यक्ष गणेश जायसवाल प्रभारी सुभाष जायसवाल पिंटू जायसवाल अमृत जैन कुंदनसिंह पंवार उपस्थित रहे वही धार विधायक श्रीमती नीना वर्मा ने धार नगर के बूथ नंबर 59 अर्जुन कॉलोनी में भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष विशाल निगम मंडल महामंत्री अमित शर्मा बूथ अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता के साथ श्रवण किया।

भाजपा जिलाध्यक्ष निलेश भारती ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुनने के पश्चात कहा कि मन की बात का प्रसारण भारत की बात का प्रसारण बन चुका है। छठ पूजा लोक आस्था, पर्यावरण और परिवार की एकजुटता का पर्व है। यह सूर्य उपासना के साथ-साथ प्रकृति संरक्षण का प्रतीक है। वोकल फॉर लोकल' की भावना से हर भारतीय आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान दे रहा है।

प्रधानमंत्री जी ने इस विशेष संस्करण में लोक आस्था के महापर्व 'छठ', देवभाषा संस्कृत के संरक्षण, वन्दे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने की ऐतिहासिक उपलब्धि, तथा लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती पर आयोजित 'रन फॉर यूनिटी' जैसे अनेक प्रेरक विषयों पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम पश्चात कार्यकर्ताओ की उपस्थिति में जिलाध्यक्ष महंत निलेश भारती ने आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत स्थानीय व्यापारियों व नागरिकों से भेंट कर स्वदेशी उत्पादों के क्रय - विक्रय करने का अनुरोध किया एवं उनके प्रतिष्ठानों पर स्वदेशी वस्तु अपनाने के संकल्प पत्र स्टीकर भी चिपकाएं व पत्रक वितरित किए। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने दी।

## बांग्ला बिलोद दुष्कर्म कांड पर हिंदू समाज में आक्रोश



### 30 अक्टूबर को होगा चक्काजाम

**धार।** बांग्ला बिलोद में आदिवासी नाबालिग किशोरी के साथ हुई शर्मनाक दुष्कर्म की घटना को लेकर हिंदू समाज का आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। आरोप है कि बांग्ला बिलोद निवासी अमजद नामक युवक ने किशोरी के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया, जिसके बाद पीड़िता ने मृत शिशु को जन्म दिया।

इस जघन्य अपराध के बाद से सकल हिंदू समाज कठोर कार्रवाई की मांग पर अड़ा हुआ है। हिन्दू नेता निर्भय सिंह पटेल ने बताया की पहले भी चौकी पर पहुंचकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा था, जिसमें आरोपी अमजद के घर को जमीदोज करने सहित अन्य सख्त मांगें शामिल थीं।

लेकिन प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए जाने से समाज में भारी असंतोष है। इसी को लेकर आज बांग्ला गाँव में हिंदू समाज की एक बड़ी बैठक आयोजित की गई, जिसमें सैकड़ों लोग शामिल हुए। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 30 अक्टूबर को फोर लेन चक्का जाम कर विरोध प्रदर्शन किया जायेगा।

## भगवान महावीर स्वामी के निर्वाण के पश्चात शास्त्र को याद रखने के लिए की श्रुत ज्ञान की शुरुआत

**नागदा धार।** भगवान महावीर स्वामी के निर्वाण के पश्चात शास्त्र को याद रखने हेतु श्रुत ज्ञान की शुरुआत की गई इसके पूर्व मानव मन प्रयाय ज्ञान के द्वारा संपूर्ण बात मन मस्तिष्क में याद रख लिया करते थे किंतु ज्ञान को शास्त्र के माध्यम से लिख कर संजोने का कार्य दैव नंदी गणी क्षमा श्रवण द्वारा श्रुत ज्ञान की परंपरा का निर्वहन करवाते हुए लेखनी प्रारंभ कर भगवान महावीर स्वामी निर्वाणदिवस कार्तिक अमावस्या दिवाली के पांच दिवस पश्चात् श्रुत ज्ञान की शुरुआत की जब से ही जैन समाज जन आज के दिवस को ज्ञान पंचमी के रूप में मनाते हुए तप एवं त्याग कर धर्म आराधना करते हे उक्त मार्मिक प्रवचन ज्ञान पंचमी पर आयोजित धर्म सभा में संयम प्रभा जी म सा द्वारा दिए गए साथ ही मूर्ति पूजक संघ के राजेन्द्र बोकड़िया द्वारा बताया



गया कि आज के शुभ दिवस समाज जन उपवास आयंबिल आदि तप आराधना कर मंदिर जी में ज्ञान उपकरण की पूजा करते हे साथ ही देव वंदन कर ख्मासना देते हुए ज्ञानार्जन के लिए संयम साधना करते हे इस शुभ अवसर पर आज चन्द्र प्रभु देरासर एवं शांति नाथ देरासर पर बड़ी संख्या में श्राविका बहनों भाग लेते हुए उपवास तप की आराधना कर देव वंदन करते हुए खामसना आदि आराधना की इसके पूर्व प्रातः संघ जन द्वारा अभिषेक कर स्नात्र महोस्तव कर आरतियां उतारी गई ज्ञात रहे ज्ञान पंचमी का जैन धर्मवंबलियों में आराधना करने का बड़ा महत्व हे इसी से जुड़ते हुए आज समाज जनों ने बड़ी संख्या में तप आराधना की।



## वृद्धजनों ने नर्मदा दर्शन व स्नान का लिया लाभ

### पांचवी आनंद यात्रा महेश्वर में संपन्न

**धार।** भोज शोध संस्थान द्वारा 2017 से संचालित वृद्धजन स्वास्थ्य सेवा प्रकल्प सुपर 60 प्लस की पांचवी आनंद यात्रा महेश्वर में सम्पन्न हुई। निदेशक डॉ दीपेंद्र शर्मा ने बताया कि ओंकारेश्वर, मोहनखेड़ा, भक्ताम्बर, मांडू के बाद इस यात्रा में जलकोठी सहस्त्रधारा, गायत्री पीठ आश्रम नर्मदा दर्शन स्नान का पुण्य लाभ महेश्वर का मिला। श्रद्धालय वृद्धाश्रम व सुपर 60 प्लस प्रकल्प के चुनिंदा वृद्धजनों ने विशेष बस से यह यात्रा की। प्रकल्प संयोजक दुर्गेश नागर ने बताया 41 वृद्धजनों ने इस यात्रा में भाग लिया। मंडलेश्वर स्थित आवासीय कन्या शिक्षा परिसर का अवलोकन किया। संत सानिध्य गायत्रीपीठ के श्री ओमानंद जी महाराज का मिला। संतश्री जी जीवन आनंद के सूत्रों को साझा किया। जीवन में आनंद बाहर नहीं हम सबके भीतर ही है। व्यर्थ का बोझ ना रखे। सदैव प्रसन्न रहे। संत श्री ने सुपर 60 प्रकल्प की सराहना की व वृद्धजनों को वर्षभर सेवा सहयोग कार्यों से जोड़ने का सुझाव दिया। इस सभा में वृद्धजनों की ओर से भागवंता बाई, नरवरसिंह ठाकुर ने सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी। यात्रा में अशोक चौहान, दीपक गौड़, सुशील कुमार, गोविंद भाई, भगवान पाटीदार का सराहनीय योगदान रहा। यह जानकारी मीडिया प्रभारी रॉकी मक्कड़ ने दी।

## खाटू श्याम बाबा मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 31 अक्टूबर से

**इंदौर.** नवलखा स्थित साजन नगर में भक्तों से सहयोग से खाटू श्याम बाबा एवं भगवान नर्मदेश्वर महादेव मंदिर का निर्माण कार्य संपन्न होने पर 31 अक्टूबर एवं शनिवार 1 नवंबर को नवनिर्मित मंदिर में भव्य प्राण प्रतिष्ठा का दो दिवसीय दिव्य आयोजन किया जा रहा है.

आयोजन के प्रमुख सुरेश रामपीपलिया ने बताया कि इंदौर श्याम प्रेमी संघ के तत्वावधान में इस अवसर पर प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व मंडल स्थापना, प्रतिमाओं के अन्नाधिवास, जलाधिवास एवं फलाधिवास सहित दिव्य विधान किए जाएंगे. विद्वान आचार्यों के निर्देशन में विधि-विधान के साथ श्याम बाबा के शीश की आध्यात्मिक ऊर्जा का आह्वान भी होगा। बाबा के शीश की प्रतिमा जयपुर से बनवाकर बुलवाई गई है. शनिवार देवउठनी एकादशी 1 नवंबर को प्राण प्रतिष्ठा का मुख्य महोत्सव एवं जन्मोत्सव समारोह वैदिक मंत्रोच्चार की मंगल ध्वनि के बीच होगा. 1 नवंबर को सुबह खाटू श्याम जी के शीश की प्राण प्रतिष्ठा तथा दोपहर में श्याम बाबा का जन्मोत्सव, पूजन एवं मंगल आरती होगी तथा शाम 7 बजे से भजन संध्या के पश्चात महाप्रसादी का वितरण होगा. यह मंदिर करीब 1 हजार वर्गफिट क्षेत्र में बनवाया गया है. मंदिर के साथ प्रवचन हॉल भी निर्मित किया गया है. क्षेत्र के भक्तों के सहयोग से इस मंदिर को नवलखा क्षेत्र में श्याम बाबा के मुख्य मंदिर के रूप में विकसित किया जा रहा है.